OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**
**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 8

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।**

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. भाषा के विकास को व्यवस्थित रूप किसने प्रदान किया?**

(A) कागज़ और छापेखाने के आविष्कार ने
(B) मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं ने
(C) सभी धर्मों के प्रमुख विचारों ने
(D) विचारों की प्रबलता ने

**2. वर्णमाला में कितने दीर्घ स्वर होते हैं?**

(A) 4
(B) 2
(C) 6
(D) 7

**3. 'शृगाल' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद चुनिए।**

(A) श् + ऋ + ग् + आ + ल् + अ
(B) श् + ऋ + अ + ग् + आ + ल् + अ
(C) श् + र् + ग् + आ + ल् + अ
(D) श् + र् + अ + ग् + आ + ल् + अ

**4. निम्नलिखित में से गुण संधि का उदाहरण चुनिए–**

(A) पो + इत्र = पवित्र
(B) नर + इंद्र = नरेंद्र
(C) अति + अंत = अत्यंत
(D) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

**5. 'रंग' का भाववाचक संज्ञा रूप क्या होगा?**

(A) रंगीन
(B) रंगत
(C) रंग-बिरंगा
(D) रंगरेज़

**6. कौन-सा शब्द 'अक्षर' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?**

(A) वर्ण
(B) शिव
(C) मोक्ष
(D) अनित्य

**7. कौन-सा शब्द 'जागरण' का सही विलोम शब्द है?**

(A) नश्वर
(B) अनश्वर
(C) शयन
(D) मरण

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' बनाने वाला प्रत्यय '-आ' लगाकर नहीं बना है?**

(A) प्रिया (B) शिष्या
(C) कन्या (D) बाला

**9. 'कुम्हार' पुल्लिंग शब्द है। इसका स्त्रीलिंग रूप क्या होगा?**

(A) कुम्हारी (B) कुम्हारिन
(C) कुम्हारनी (D) कुम्हारीन

**10. 'मैं अपनी घड़ी आपके घर भूल आया हूँ। कल आप <u>उसे</u> लेते आइएगा।' वाक्य के रेखांकित पद में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?**

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) संबंधवाचक सर्वनाम

**11. निम्नलिखित में से प्रश्नवाचक सर्वनाम शब्द पहचानिए–**

(A) कुछ (B) कौन
(C) किसी (D) कोई

**12. '<u>मेरी</u> बेटी परीक्षा में प्रथम आई है।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) परिमाणवाचक विशेषण (B) सार्वनामिक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण (D) गुणवाचक विशेषण

**13. किस वाक्य में प्रविशेषण का प्रयोग किया गया है?**

(A) नताशा के पास अत्यंत सुंदर गुड़िया है। (B) मेरी पुस्तक में रोचक कहानियाँ हैं।
(C) पिता जी कई खिलौने लेकर आए हैं। (D) मैंने आज बहुत मिठाई खाई है।

**14. किस वाक्य का रेखांकित पद द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रिया है?**

(A) अदिति कंप्यूटर चलाना <u>सीख रही है</u>। (B) मैं आपको कल फ़िल्म <u>दिखाऊँगा</u>।
(C) वह कहानी <u>सुनाएगी</u>। (D) पिता जी को नया कुरता <u>सिलवाना</u> है।

**15. 'तुम्हें अपनी गलतियों को बार-बार नहीं दोहराना चाहिए।' रचना के आधार पर क्रिया-भेद चुनिए।**

(A) सामान्य क्रिया (B) संयुक्त क्रिया
(C) नामधातु क्रिया (D) प्रेरणार्थक क्रिया

**16. 'कल रात वे लोग नहीं सोए।' वाक्य से बना भाववाच्य का सही वाक्य है–**

(A) कल रात वे लोग नहीं सो पाए। (B) कल रात वे लोग सो नहीं सके।
(C) कल रात उन लोगों से सोया नहीं गया। (D) कल रात उनसे सोना नहीं हो सका।

**17. 'यदि गाड़ी समय पर आती, तो मैं कार्यालय देर से न पहुँचता।' वाक्य में प्रयुक्त काल का भेद चुनिए।**

(A) संदिग्ध भूत काल
(B) हेतु-हेतुमद् भूत काल
(C) संभाव्य भविष्यत काल
(D) हेतु-हेतुमद् भविष्यत काल

**18. 'कृष्ण ने कंस को मारा।' वाक्य से बना कर्मवाच्य का सही वाक्य होगा–**

(A) कृष्ण से कंस को मार दिया गया।
(B) कृष्ण के द्‌वारा कंस को मारा गया।
(C) कृष्ण ने कंस मारा।
(D) कृष्ण से कंस को मारा जाता है।

**19. किस वाक्य का रेखांकित पद निपात है?**

(A) वह पढ़ता तो है पर पास नहीं होता।
(B) तुम आओगी या तुम्हारा भाई?
(C) वे लोग मंदिर के अंदर पूजा कर रहे हैं।
(D) उसे मैं जानता तक नहीं।

**20. 'तुम मेरे आगे क्यों चल रहे हो?' वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण शब्द और उसके भेद का सही विकल्प चुनिए।**

(A) तुम – रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(B) मेरे – रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(C) आगे – स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(D) रहे हो – कालवाचक क्रियाविशेषण

**21. 'यदि पढ़ोगे नहीं तो फेल हो जाओगे।' रेखांकित पद क्या है?**

(A) क्रियाविशेषण अव्यय
(B) संबंधबोधक अव्यय
(C) विस्मयादिबोधक अव्यय
(D) समुच्चयबोधक अव्यय

**22. माता जी ने कहा, "जब भी समय मिले मेरे पास आ जाना।" वाक्य में प्रयुक्त विराम-चिह्नों के नाम का सही विकल्प चुनिए।**

(A) अल्प विराम, दोहरा उद्‌धरण चिह्न, पूर्ण विराम
(B) अर्ध विराम, इकहरा उद्‌धरण चिह्न, पूर्ण विराम
(C) अर्ध विराम, दोहरा उद्‌धरण चिह्न, पूर्ण विराम
(D) अल्प विराम, इकहरा उद्‌धरण चिह्न, पूर्ण विराम

**23. कोष्ठक चिह्न का प्रयोग क्यों किया जाता है?**

(A) शब्दों की व्याख्या करने के लिए
(B) दो शब्दों को अलग करने के लिए
(C) विशेष रूप से चिह्नित करने के लिए
(D) शब्दों का अर्थ समझाने के लिए

**24. 'हम लोग तैरने के लिए नदी पर गए थे।' वाक्य से बना सही मिश्र वाक्य कौन-सा है?**

(A) हम लोगों को तैरना था, इसलिए नदी पर गए थे।
(B) हम लोग तैरना चाहते थे, अतः नदी पर गए थे।
(C) हम लोग नदी पर गए थे क्योंकि हमें तैरना था।
(D) नदी में तैरेंगे यह सोचकर हम लोग नदी पर गए थे।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य है?**

(A) जो व्यक्ति साफ़ दिल का होता है, सभी का मन जीत लेता है।
(B) सच बोलने वाले लोग समाज में अपनी जगह बना लेते हैं।
(C) आप मेरे साथ रहेंगे या किराये का मकान लेकर?
(D) मुझे तो मालूम था कि वह नहीं आएगा।

**26. 'यदि तुम मान जाते तो यह मुसीबत न आती।' अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद चुनिए।**

(A) विधानवाचक वाक्य (B) आज्ञावाचक वाक्य

(C) इच्छावाचक वाक्य (D) संकेतवाचक वाक्य

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही है?**

(A) मैं रेलगाड़ी में आया। (B) मैं रेलगाड़ी से आया।

(C) मैं रेलगाड़ी पर आया। (D) मैं रेलगाड़ी को आया।

**28. 'बात का धनी होना' मुहावरे का प्रयोग किस वाक्य में उचित रूप से हुआ है?**

(A) जो लोग बात के धनी होते हैं, वे कम बातें करते हैं।

(B) जो लोग बात के धनी होते हैं, वे बहुत बातें बनाते हैं।

(C) जो लोग बात के धनी होते हैं, वे अपना वायदा कभी नहीं तोड़ते।

(D) जो लोग बात के धनी होते हैं, वे दूसरों की मदद धन देकर करते हैं।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 29 तथा 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

हँसी शरीर के स्वास्थ्य का शुभ संवाद देने वाली है। वह एक साथ ही शरीर और मन को प्रसन्न करती है, पाचन-शक्ति बढ़ाती है, रक्त का सही संचार करती है और अधिक पसीना लाती है। हँसी एक शक्तिशाली दवा है। डॉक्टर कहते हैं कि 'वह जीवन की मीठी मदिरा है'। डॉक्टर ह्युड कहते हैं कि 'आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और कोई नहीं'। कारलाइल एक राजकुमार थे। वे संसार त्यागी हो गए थे। वे कहते थे कि जो जी से हँसता है, वह कभी बुरा नहीं होता। जी से हँसो, तुम्हें अच्छा लगेगा। अपने मित्र को हँसाओ, अधिक प्रसन्न होगा। शत्रु को हँसाओ, तुम से कम घृणा करेगा। एक अनजान को हँसाओ, तुम पर भरोसा करेगा। उदास को हँसाओ, उसका दुख घटेगा। एक निराश को हँसाओ, उसकी आशा बढ़ेगी। एक बूढ़े को हँसाओ, वह अपने को जवान समझने लगेगा। एक बालक को हँसाओ, उसके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी, वह प्रसन्न और प्यारा बालक बनेगा। पर हमारे जीवन का उद्देश्य केवल हँसी ही नहीं है, हमें अभी बहुत काम करने हैं। तथापि उन कामों में, कष्टों में और चिंताओं में एक सुंदर आंतरिक हँसी, बड़ी प्यारी वस्तु भगवान ने दी है।

**29. कौन-सा तथ्य असत्य है?**

(A) हँसी स्वस्थ शरीर की सूचक है। (B) आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु कोई नहीं।

(C) जो जी से हँसता है, वह कभी बुरा नहीं होता। (D) सज्जन व्यक्ति हँसते नहीं हैं।

**30. हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(A) कष्टों और चिंताओं से मुक्त होकर तथा प्रसन्न रहकर अपना लक्ष्य पाना

(B) प्रसन्न रहें लक्ष्य की चिंता न करें

(C) विकल्प (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

## II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. 'बिहारी हिंदी' उपभाषा के वर्ग में शामिल बोलियाँ हैं–**

(A) भोजपुरी (B) निमाड़ी
(C) भीली (D) मगही

**32. निम्नलिखित में से सही संधि-विच्छेद चुनिए–**

(A) मनोरथ = मन: + रथ (B) मनोरथ = मनो + रथ
(C) आशीर्वाद = आशी + वाद (D) आशीर्वाद = आशी: + वाद

**33. 'जीवन में अच्छे मित्रों का बहुत महत्व है।' वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा पदों को पहचानिए।**

(A) जीवन (B) अच्छे
(C) बहुत (D) मित्रों

**34. कौन-से दो शब्द अव्ययीभाव समास के उदाहरण नहीं हैं?**

(A) प्रतिदिन (B) नीलकमल
(C) मेघनाद (D) आमरण

**35. कौन-से दो शहर केरल राज्य में नहीं आते?**

(A) तिरुवनंतपुरम (B) कन्याकुमारी
(C) मदुरई (D) त्रिशूर

## खंड (ख) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36. इनमें से कौन-सा शब्द अलग वर्ग का है?**

(A) कुछ (B) गोल
(C) सुंदर (D) चौकोर

**37. किस वाक्य में 'कौन' का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) वहाँ कौन छुपा हुआ है? सामने आओ। (B) आपको कौन-सा कमरा पसंद आया?
(C) इतनी देर तक वहाँ कौन रुकेगा? (D) मेरे साथ घूमने कौन चल रहा है?

**38. 'कभी झूठ मत बोलो। मुझे यह बिलकुल पसंद नहीं।' दोनों वाक्यों के संश्लेषण से बना कौन-सा वाक्य मिश्र वाक्य नहीं है?**

(A) मुझे झूठ बोलना बिलकुल पसंद नहीं।
(B) मुझे यह बिलकुल पसंद नहीं कि तुम झूठ बोलो।
(C) यह मुझे पसंद है कि तुम कभी झूठ न बोलो।
(D) यह कि तुम झूठ बोलो, मुझे बिलकुल पसंद नहीं।

**39. कौन-सा वाक्य असंगत प्रतीत हो रहा है?**

(A) मानव शरीर में कई अंग होते हैं।
(B) रौनक ने पिता जी से कलम माँगी।
(C) अपना काम ठीक से करो।
(D) अलमारी से कपड़े रखे हुए हैं।

**40. शृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए–**

हाथ मिलाना – हाथ धो बैठना – हाथ काट देना – हाथ धोकर पीछे पड़ना – ......................

(A) साख होना
(B) मुँह खुलना
(C) हाथ पर हाथ रखकर बैठना
(D) होश उड़ जाना

C:\Users\fmpl\Desktop\OGO_SLE_Papers\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_(03-08-2024)\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_(03-08-2024)\Open_Files\OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-8_Set-1
\ 04-Sep-2024 **Praveen Kumar** **Proof-5** Reader's Sign ______________________ Date __________